मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-69
27/02/2022

मुख्यमंत्री ने मां ब्लड सेंटर का किया लोकार्पण, स्व0 ओ0पी0 साह की मूर्ति का भी किया अनावरण

पटना, 27 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज दरियापुर गोला में नवनिर्मित ब्लड बैंक 'मां ब्लड सेंटर' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष स्व0 ओ0पी0 साह जी की प्रतिमा का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने मां ब्लड सेंटर में की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री को मां वैष्णों देवी सेवा समिति द्वारा चुनरी भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, राज्यसभा सांसद श्री सुशील कुमार मोदी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, बिहार नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******